NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-Geography

Chapter : 2

Chapter Name : ग्लोब : अक्षांश एवं देशांतर

Book Name : पृथ्वी : हमारा आवास

Q1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

(i) पृथ्वी का सही आकार क्या है?

Answer. पृथ्वी का आकार पूरी तरह से गोल नहीं है , यह उत्तर एवं दक्षिण ध्रुवों पर थोड़ी चपटी तथा मध्य से थोड़ी उभरी हुई है।

Page : 16 , Block name : Short answer question

(ii) ग्लोब क्या है?

Answer. पृथ्वी के स्वरुप और आकार को समझने के लिए लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप बनाया जाता है, जिसे हम ग्लोब कहते है। यह आकार में गोल और घुमावदार होते है। ग्लोब में देशों, महाद्वीपों, महासागरों की स्थिति को देखा जा सकता है।

Page : 16 ,Block name : Short answer question

(iii) कर्क रेखा का अक्षांशीय मान क्या है?

Answer. कर्क रेखा का अक्षांशीय मान 23 1/2° है।

Page : 16 ,Block name : Short answer question

(iv) पृथ्वी के तीन ताप कटिबंध कोन से हैं?

Answer. पृथ्वी के तीन ताप कटिबंध निम्नलिखित हैं -

1. उष्ण कटिबंध
2. शीतोष्ण कटिबंध
3. शीत कटिबंध

Page : 16 , Block name : short answer question

(v) अक्षांश एवं देशांतर रेखाएँ क्या हैं?

aglasem.com

Answer.अक्षांश रेखाएँ वह काल्पनिक रेखाएं होती हैं जो ग्लोब पर भूमध्य रेखा के समान्तर (पूर्व से पश्चिम की ओर) खींची गयी होती हैं और यह रेखाएं पूर्णवृत्त होती है।देशांतर रेखाएँ दोनों भूगोलीय ध्रुवों (उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुव) के बीच खीची गयी काल्पनिक रेखाओं का समूह है। ध्रुवों की तरफ जाने पर इन रेखाओं के बीच की दूरी कम होने लगती है है और भूमध्य रेखा पर इन रेखाओं के बीच की दूरी सबसे अधिक होती है।

Page : 16 , Block name : Short answer question

(vi) ऊष्मा की सबसे अधिक मात्रा उष्ण कटिबंध क्यों प्राप्त करते हैं?

Answer.उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच पाया जाता है। और इस क्षेत्र के प्रत्येक भाग में, साल में कम से कम एक दिन सूर्य की किरणें लम्बवत (सीधी) पड़ती है। अतः उष्ण कटिबंध क्षेत्र सबसे अधिक ऊष्मा प्राप्त करते है।

Page : 16 , Block name : Short answer question

(vii) जब भारत में शाम को 5:30 बजते हैं , तब लंदन में दोपहर के 12 क्यों बजते हैं?

Answer. समय का निर्धारण देशांतर रेखाओं की स्थिति से होता है। भारत की भौगोलिक स्थिति लन्दन से 82.5° पूर्व में अवस्थित है जिसके अनुसार भारत का मानक समय लन्दन के मानक समय से 5 घंटा 30 मिनट आगे है। अतः जब लन्दन में दोपहर के 12 बजते है तब भारत में शाम के 5:30 बजते है।

Page : 16 , Block name : Short answer question

Q2 सही उत्तर चिह्नित करो।

(i) प्रमुख याम्योत्तर का मान है -

क. 90° ख. 0° ग. 60°

(ii) शीत कटिबंध किसके नजदीक पाया जाता है?

क. ध्रुवों ख. विषुवत् वृत्त ग. कर्क रेखा

(iii) देशांतरों की कुल संख्या है -

क. 360° ख. 180° ग. 90°

(iv) दक्षिण ध्रुव वृत्त स्थित है -

क. उत्तरी गोलार्ध में

ख. दक्षिणी गोलार्ध में

ग. पूर्वी गोलार्ध में

(v) ग्रिड किसका जाल है?

क. अक्षांशों (समानांतर) रेखाओं एवं देशांतरीय याम्योत्तरों का

aglasem.com

ख. कर्क रेखा एवं मकर रेखा का

ग. उत्तर ध्रुव एवं दक्षिण ध्रुव का

Answer.(i) ख - 0°

(ii) क - ध्रुवों

(iii) क. 360°

(iv) ख - दक्षिणी गोलार्ध में

(v) क - अक्षांशों (समानांतर) रेखाओं एवं देशांतरीय याम्योत्तरों का

Page : 17 , Block name : Multiple choice questions

Q3 खाली स्थान भरो।

(i) मकर रेखा _____ पर स्थित है।

(ii) भारत का मानक याम्योत्तर _____ है।

(iii) 0° यामयोत्तर को _____ के नाम से जाना जाता है।

(iv) देशांतरों के बीच की दूरी _____ की तरफ घटती जाती है।

(v) उत्तर ध्रुव वृत्त _____ गोलार्ध में स्थित है।

Answer.

(i) 23 1/2° द.

(ii) 82°30'पू.

(iii) प्रमुख याम्योत्तर

(iv) ध्रुवों

(v) उत्तरी

Page : 17 , Block name : short answer questions

aglasem.com